## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने बाईक सवार को मारी टक्कर ,6 की मौत

**रायपुर(आरएनएस)।** बलौदाबाजार जिले के लवन पलारी बायपास के पास गुरुवार की देररात एक ही बाईक पर सवार होकर 6 लोग बारात से वापस लौट रहे थे तभी बिपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दिया व बाईक पर सवार सभी लोग हाईवा के नीचे आ गये जिसके चलते सभी लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार के लवन पलारी बायपास जैन ढाबा के पास शादी समारोह से बाईक क्रमांक सीजी 04सीक्यू 2623 पर सवार होकर 5 बच्चे सहित 6 लोग सवार होकर वापस लौट रहे थे तभी बिपरीत दिशा से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 09 जेजी 2943 ने ठोकर मार दिया व सभी बाईक सवार ट्रक के नीचे आ गये जिसके कारण घटना स्थल पर ही बाईक सवार 6 लोगों की दर्दनाक मौत गई है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वहीं हाईवा चालक फरार हो गया है व ट्रक को पुलिस ने जप्त कर चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक व बच्चे शादी समारोह में शामिल होने ग्राम सकरी आये हुये थे। सड़क हादसें में मरने वाले अरुण ध्रुव व गौतम ध्रुव एवं नंद कुमार ध्रुव सहित उनके रिस्तेदार है।

### आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते पाये जाने पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से सट्टा पट्टी व तीन नग मोबाईल फोन एवं सेटप बाक्स सहित नगदी रुपये जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बीती रात वीआईपी करिश्मा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 304 में मुखबिर की सूचना पर छापामारकर कलक्ता ,राजेस्थान मैच के दौरान टीवी व मोबाईल के माध्यम से इंटरनेट पर लिकवर एक्सचेंज एप्लीकेशन में सुपर 18 नाम से आईडी बनाकर आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहे दो युवकों को पण्डरी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से तीन मोबाईल फोन व एक एलईडी टीवी एवं सेटअप बाक्स सहित नगदी रुपये व सट्टा पट्टी 42 पन्ने का जप्त किया है।

### आवास योजना की फर्जी तरीके से राशि निकाली, दो गिरफ्तार

**जगदलपुर(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के 30 हजार रूपए फर्जी हस्ताक्षर कर निकालने वाले दो आरोपियों को दरभा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके विरूद्ध 420, 467, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। दरभा थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि ग्राम सुआचोड निवासी रामसाय बघेल ने थाने पहुंचकर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे मिलने वाले 30 हजार रूपए किसी दूसरे व्यक्ति ने फर्जी तरीके से निकाल लिए हैं। मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरू की। जिस बैंक से रूपए निकाला गया था, उसका सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। संदिग्ध आरोपियों को पकड़कर उनसे पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### ट्रेक्टर पलटने से चालक की मौत

**दंतेवाड़ा।** कुआकोंडा थाना क्षेत्र में पालनार से लेंड्रा की ओर जा रहा ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया जिसके चलते चालक अनिल की मौके पर मौत हो गई। इसमें सवार लक्ष्मण ने ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। बमन व प्रकाश को गंभीर चोट आई है। कुआकोंडा थाना प्रभारी जीतेंद्र साहू ने बताया कि कि यह ट्रेक्टर लेंड्रा गांव में रहने वाले संतोष का है जो पालनार पानी टैंकर छोड़कर वापस आ रहा था। उन्होंने बताया कि रफ्तार अधिक होने की वजह से पुलिया के पास नियंत्रण बिगड़ जाने से ट्रैकर सीधे पुलिया के नीचे जा गिरा। साहू ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। इसके बाद शव मृतक के परिजनों को देंगे।

### नक्सलियों ने दो ट्रेक्टरों को किया आग के हवाले


**जगदलपुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिले के उसूर थाने से महज 2 किलोमीटर दूर कृषि कार्य में संलग्न 2 ट्रैक्टरों को नक्सलियों ने कल देर शाम आग के हवाले कर दिया। आगजनी का कारण अज्ञात है, मौके पर नक्सलियों ने कोई परचा भी नहीं फेंका है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती शाम उसूर ग्राम में व्यापारियों के दो ट्रेक्टर खेत की जुताई कर रहे थे। शाम लगभग छह बजे वहां 10-15 नक्सली आ धमके और उन्होंने वहां कार्यरत मजदूरों एवं चालक को मारपीट कर भगा दिया और ट्रेक्टरों का डीजल टैंक फोड़कर उसमें आग लगा दी। आगजनी में ट्रैक्टर जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दोनों ट्रैक्टर उसूर के व्यापारियों के बताए जा रहे हैं। गौरतलब है कि नक्सली इस सड़क पर अक्सर आगजनी की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। कुछ माह पूर्व उसूर थाने से 3 किलोमीटर दूर एक यात्री बस में को भी नक्सलियों ने फूंक दिया था।

# पेयजल आपूर्ति करने वाले टैंकरों में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश

**नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं क्रेडा की बैठक लेकर कलेक्टर ने पेयजल की समीक्षा की**

**धमतरी(आरएनएस)।** कलेक्टर रजत बंसल ने गुरूवार 25 अप्रैल को आसन्न ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत करते हुए जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करने नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और क्रेडा विभाग की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने नगरीय निकायों में पेयजल की आपूर्ति करने वाले सभी टैंकरों में जीपीएस सिस्टम लगाकर निगरानी रखने के निर्देश नगर निगम के आयुक्त को दिए। मगरलोड विकासखण्ड में जलावर्द्धन योजना के तहत् बनाए जा रहे स्पॉटसोर्स तथा पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द पूर्ण करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

गुरूवार को शाम 5.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकायों में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पुरानी पाइपलाइन की मरम्मत करने तथा रिसाव की स्थिति में तत्काल पाइप बदलने के लिए निर्देशित किया। साथ ही पेयजल के असमान वितरण को देखते हुए घरों में निजी पम्प के जरिए अनधिकृत रूप से पानी लेने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पानी की खपत कम करने के उद्देश्य से नगरनिगम के मैदानी कर्मियों को निगाह रखने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष तौर पर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से निगम के विभिन्न वार्डों में की जाने वाली जलापूर्ति पर भी ध्यान रखने और पानी को लगातार उपचारित करने के लिए भी निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि नगरपालिक निगम धमतरी में 10 ओव्हरहेड टैंकों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के सभी वॉटर एटीएम क्रियाशील हैं।



इस मौके पर कलेक्टर ने सभी नगर पंचायतों में पेयजल की स्थिति की भी समीक्षा की। सीएमओ नगर पंचायत मगरलोड ने बताया कि पांच ओव्हरहैड टैंक और टैंकरों के माध्यम से नगर में जलापूर्ति की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि मगरलोड में तैयार की जा रही जल प्रदाय योजना दिसंबर 2019 तक पूरा कर इसक माध्यम से जलापूर्ति प्रारंभ कर दी जाएगी, जिससे नगर में पेयजल की कमी से काफी हद तक दूर होगी। इसी तरह कलेक्टर ने नगर पंचायत आमदी, भखारा, नगरी और कुरूद का भी सिलसिलेवार समीक्षा करते हुए छोटी-मोटी समस्याओं को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर दूर करने की बात कही। उन्होंने नगर पंचायत आमदी में गर्मी के मौसम के उपरांत पुरानी पाइपलाइन को स्थायी रूप से बंद करके नई पाइपलाइन से नगर के सभी वार्डों में जलापूर्ति करने के निर्देश सीएमओ एवं पीएचई के अधिकारी को दिए।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के नलकूप विहीन 21 आंगनबाड़ी केन्द्र सहित प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में दौरा कर प्राथमिकता से हैण्डपम्प स्थापित करने के निर्देश दिए। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वर्तमान में जिले में 9788 हैण्डपम्प हैं, जिनमें से भूजल स्तर नीचे गिर जाने से 475 हैण्डपम्प सूख चुके हैं।

इनमें 245 हैण्डपम्प मगरलोड विकासखण्ड के हैं। नगरी विकासखण्ड के ग्राम बोड़रा तथा मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम बेलरदोना और भालूचुवा में निर्माणाधीन स्पॉटसोर्स को अगले दो माह के भीतर गुणवत्तापूर्वक निर्माण पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

## तेज रफ्तार चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर को ठोका

» बिजली कंपनी का हुआ लाखों का नुकसान

**रायपुर(आरएनएस)।** तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बिजली ट्रांसफार्मर ठोकर मार दिया। जिसके चलते बिजली कंपनी को लाखों रुपये के नुकसान होने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल टाटीबंद जोन 8 परिचालक पंकज वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करारी है कि चार पहिया वाहन सीजी 04 जेसी 8360 के चालक



भास्कर साहू ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाते समय अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दिया जिसके चलते,ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई व क्षेत्र की लाईट बंद हो गई। वहीं चार पहिया के टक्कर से बिजली कंपनी के ट्रांसफार्मर सहित अन्य समानों के खराब हो जाने के कारण करीब 3 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

## हत्या के मामले में 11 लोगों को आजीवन कारावास

**नवादा(आरएनएस)।** बिहार में नवादा जिले की सत्र अदालत ने हत्या के मामले में आज 11 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश : सप्तमः अरविंद कुमार सिंह ने यहां मामले की सुनवाई के बाद सुनील साव की हत्या के आरोप में तुषार चौधरी उर्फ सनोज, मनोज चौधरी, राजीव चौधरी, सन्नी चौधरी, संजीत चौधरी, विनोद चौधरी, सुनील चौधरी, गिरो चौधरी, पामो चौधरी, छोटू चोधरी और मुन्ना चोधरी को यह सजा सुनायी है।

## पुलिस ने विराट को अपहरणकर्ताओं के चंगूल से सकुशल छुड़ाया

» मुख्यमंत्री दिल्ली में बैठकर पल-पल की लेते रहे जानकारी

» पुलिस महानिदेशक को बुलाकर दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के करला इलाके से एक बच्चे का फिल्मी स्टाईल में अपहरण होने की घटना होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगूल से बच्चे को सुरक्षित छुड़ाकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बच्चे के घर लौटते ही उसके परिवार में खुशियां भी लौट आई।

उल्लेखनीय है कि कल दोपहर उत्तरप्रदेश के चुनावी दौरे से मात्र 6 घण्टे के लिए रायपुर पहुचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक डी एम अवस्थी को बुलाकर इस संबंध में जानकारी ली थी और पुलिस को पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता से कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये थे।मुख्यमंत्री ने इसके बाद भी रात को नई दिल्ली से इस घटना के संबंध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से घटना के



संबंध में पल पल की जानकारी लेते रहे, आज सुबह बच्चे के सकुशल वापसी की जानकारी मिलने पर उन्होंने चैन की नींद ली।

गौतलब है कि 20 अप्रैल को मासूम विराट का अपहरण कर लिया था। बिलासपुर के भाजपा कार्यालय के सामने की गली नंबर 6-7 से विराट का अपहरण हुआ था।

## पूर्व विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आइजी से मिलेंगे कांग्रेसी

**बिलासपुर(आरएनएसा)।** पूर्व विधायक चोवादास खांडेकर पर बूथ में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने का आरोप है। इस मामले में आरोपी पूर्व विधायक की गिरफ्तारी और पीड़ित को आरोपित बनाने वाले एसडीओपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेसी शुक्रवार को आइजी से मिलेंगे। इधर कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव ने सिम्स पहुंचकर घायल कार्यकर्ता का हाल जाना और डॉक्टरों से उचित इलाज की बात कही।

मुंगेली विधानसभा के कांग्रेस बूथ



कार्यकर्ता मकराल यादव ने भाजपा के पूर्व विधायक चोवादास खांडेकर पर अपहरण कर मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट से घायल कांग्रेस कार्यकर्ता को सिम्स में भर्ती करना पड़ा। इधर कांग्रेस कार्यकर्ता की रिपोर्ट पर आरोपी पूर्व विधायक के खिलाफ तो रिपोर्ट लिखी गई लेकिन आरोपित की रिपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफभी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर दी गई। इसके अलावा एट्रोसिटी जैसी धारा अलग से लगा दी। इससे कांग्रेसी नाराज हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ने अटल ने भी पीड़ित कार्यकर्ता से मुलाकात की और हाल जाना। इस दौरान उसने पूरे घटनाक्रम से कांग्रेस नेताओं को भी अवगत कराया। इसके बाद संगठन ने तय किया है कि वे दोपहर दो बजे आइजी से मुलाकात कर आरोपित के खिलाफकार्रवाई की मांग की जाएगी। इसी के साथ पीड़ित को आरोपित बनाने वाले एसडीओपी पर भी कार्रवाई की मांग की जाएगी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भाजपाई अपनी हार देखकर बौखला गए हैं। इसी तरह से वे पूरे देश में अराजकता का माहौल खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर कांग्रेस खामोश नहीं रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता से मुलाकात के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के साथ शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर, स्वप्निल शुक्ला, सिद्धांशु मिश्रा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## पत्नी के हत्यारे पति सहित सास-ससुर को आजीवन कारावास

**कोंडागांव(आरएनएस)।** हत्या के मामले में आरोप सिद्ध पाकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओंकार प्रसाद गुप्ता ने आरोपी पति प्रसन्नजीत विश्वास, ससुर सुधीर विश्वास, सास श्रीमती लक्ष्मी विश्वास सभी निवासी पूर्वी बोरगांव बाजारपारा को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार अपने बच्चे के लिए कपड़े लेने 2 हजार रूपये की मांग करती महिला को उस समय महंगा पड़ गया जब उसके पति ने सास-ससुर के साथ मिलकर नायलॉन की रस्सी से गलाघोंट कर उसकी हत्या कर दी और फिर आत्महत्या का स्वरूप देने उसे फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने विवेचना के दौरान पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या करना पाया था।

25 अक्टूबर 2016 को सुबह आरोपी प्रसन्नजीत विश्वास फरसगांव थाने में पहुंच कर उसकी पत्नी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया और बताया कि वह रात में उसकी पत्नी द्वारा पैसे फेंके जाने के बाद सो गया था। सुबह उठने पर उसकी पत्नी फांसी पर लटकी हुई थी। पीएम रिपोर्ट में नॉयलोन रस्सी से गला घोंटने का निशाना पाया गया। इस आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल और पूछ-ताछ करने पर पूरी घटना का खुलासा किया।

इस मामलें में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओंकार प्रसाद गुप्ता ने प्रकरण का विचारण कर प्रत्येक आरोपी को धारा 302 सपठित 34 भादंसं के आरोप में आजीवन कारावास एवं सौ रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदण्ड की राशि अदा न होने के व्यत्क्रिम पर 3 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

## प्रदूषण के खिलाफ याचिकाओं पर ग्रीष्म अवकाश के बाद होगी सुनवाई

**बिलासपुर (आरएनएसा)।** हाईकोर्ट ने कोयला आधारित उद्योगों द्वारा प्रदूषण फैलाने के खिलाफ पेश जनहित याचिकाओं में हाईकोर्ट रजिस्ट्री को सभी उद्योगों को नोटिस जारी कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ कोर्ट ने याचिकाओं को ग्रीष्म अवकाश के बाद सुनवाई के लिए रखने का आदेश दिया है

छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर-चाम्पा व रायपुर सहित अन्य स्थानों में कोयला आधारित पावर प्लांट, स्पंज आयर उद्योग संचालित हो रहे हैं। इन उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावा प्रदूषण के कारण कर्मचारियों के बीमार होने व इनके उपचार के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने को लेकर आधा दर्जन से अधिक जनहित याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

## रूठी पत्नी को मनाने पति ने काट ली हाथ की उंगली

**कोरबा (आरएनएस)।** प्रेम को साबित करने के लिए कई बार अग्नि परीक्षा के दौर से भी गुजरना पड़ता है। युवा पीढ़ी हाथों में ब्लेड चलाकर अपनी प्रेम का इजहार करते पहले भी देखे गए हैं। इससे जुदा एक मामला सामने आया है। चारित्रिक संदेह की वजह से बीवी पति को छोड़कर अपने पीहर चली गयी थी। इधर पत्नी के वियोग में डूबा पति लगातार उससे घर लौट आने की मिन्नते करता रहा। आखिरकार जब पत्नी को मनाने में नाकाम रहा तो उसने अपने हाथ की उंगली काट ली और फिर उन्हें डिब्बे में रखकर लहूलुहान हालत में सायकिल चलाते ससुराल पहुंच गया।



खुद को नुकसान पहुंचाने और पत्नी को मनाने का यह अनोखा मामला करतला थाने के औराई गांव का है, जहां का रहने वाला मुकुंद अगरिया अपनी पत्नी ज्योति से बेहद प्रेम करता है। इस बात की तस्दीक इससे भी होती है की उसने अपने शरीर के कई जगहों पर अपनी पत्नी का नाम गुदवा रखा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले आवेश में आकर मुकुंद ने अपनी पत्नी ज्योति की पिटाई कर दी थी, इस मारपीट से ज्योति जख्मी हो गयी थी। इसके बाद वह रूठकर अपने मायके बासिनखार आ गयी थी। पत्नी के रूठकर चले जाने से मुकुंद का गुजारा मुश्किल हो गया था।

## कटा हुआ नींबू रखिए अपने पास, अगर पाना चाहते हैं सेहत के ये लाभ



नींबू के इस्तेमाल के कई तरीके आप जानते होंगे, लेकिन कटे नींबू का इस्तेमाल आप शायद ही जानते होंगे। हम आपको बता रहे हैं कि कटे नींबू को पास रखने के कौन से सेहत लाभ होंगे और किस तरह से उनका इस्तेमाल किया जा सकता है-

1 कटा हुआ नींबू अपने पास रखने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि गर्मियों में जब भी जरूरत लगे, तो इसे पानी में निचोड़ कर तुरंत पी सकते है। यह आपको रिफ्रेश बनाए रखने में और ऊर्जा का संचार करने में मदद करेगा। आप दिनभर ताजगी और खुशनुमा महसूस करेंगे।

2 दूसरा फायदा यह है कि आसपास के वातावरण को अपनी खुशबू से महकाए रखेगा और किसी भी प्रकार की दुर्गंध को दूर रखने में मददगार साबित होगा, जिससे आप सकारात्मक और स्वस्थ महसूस करेंगे।

3 तीसरा फायदा यह है कि अगर आपको जरा भी उल्टी जैसा लगे या मतली हो, तो आप इसे कुछ देर सूंघकर, ऐसी समस्याओं से निजात पा सकते हैं। खास तौर से सफर में यह तरीका बेहद कारगर है।

4 चाय, कॉफी, कोल्ड्रिंक या अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन से बाद कई बार आपके दांतों में पीलापन या गंदगी दिखाई देती है जो बिल्कुल अच्छी नहीं लगती। इसे आप नींबू रगड़ने से दूर कर सकते हैं।

5 कटे नींबू को आप अपने पास या कमरे के किसी भी कोने में रखें, आपको किसी कृत्रिम खुशबू की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## काम पाने के लिए नेटवर्किंग कभी नहीं करूंगाः टाइगर श्रॉफ



शर्मीले स्वभाव के अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने कहा कि वह काम पाने के लिए पार्टियों में जाना या सोशल होने के माध्यम को नहीं अपना सकते हैं। शर्मीला स्वभाव और बहुत कम बोलने की आदत की वजह से वह न तो नेटवर्किंग करने में सक्षम हैं और न ही दोस्ती-यारी में काम मांगने में। टाइगर की मानें तो उनको अपने इस शर्मीले स्वभाव की वजह से नुकसान भी होता है, लेकिन चुप रहने के अपने अलग फायदे भी हैं।

अपनी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 के प्रमोशनल इंटरव्यू के दौरान टाइगर ने कहा, मैं बहुत शर्मिले स्वभाव का व्यक्ति हूं, शर्मिला स्वभाव होने की वजह से कुछ नुकसान भी होता है। लोग शायद ठीक से समझ नहीं पाते हैं क्योंकि मैं डिफेंसिव और ऐंटी सोशल रहता हूं।

टाइगर आगे कहते हैं, मैं काम के लिए नेटवर्किंग करने में विश्वास नहीं करता हूं। अगर मेरा काम अच्छा है तो लोग आगे काम देंगे।

## सलमान खान और कटरीना कैफ की शादी कराने पर अड़े फैंस



एक वक्त था जब सलमान खान और कटरीना कैफ एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में रहे, लेकिन बाद में कुछ मनमुटाव हो गया और वे अलग हो गए। हालांकि अलग होने के बाद भी सलमान और कटरीना कैफ के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। दोनों काफी क्लोज हैं और सलमान, कटरीना को अपने एक फैमिली मेंबर की ही तरह मानते हैं। ऑफ-स्क्रीन ही नहीं, बल्कि फिल्मों में भी सलमान और कटरीना की जोड़ी, दोनों के बीच की मैजिकल केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया है।

हाल ही में फिल्म भारत का ट्रेलर रिलीज हुआ और इस फिल्म में भी सलमान और कैट की केमिस्ट्री को फैंस ने काफी पसंद किया। इस केमिस्ट्री को देख फैंस इस कदर प्रभावित हो गए कि उन्होंने अरबाज खान से गुजारिश कर डाली कि वह अपने भाई सलमान की शादी कटरीना से करा दें। फैंस ने भारत का ट्रेलर देखने के बाद सलमान और कटरीना की शादी की जिद पकड़ ली और ट्विटर पर रिऐक्शन्स शेयर किए।

अरबाज खान ने ट्विटर पर अपने चैट शो पिंच बाय अरबाज का एक लिंक शेयर किया और लिखा, पिछले साल इस सिलेब्रिटी को गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया।